प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00बजे

मॉनसून

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है और राज्य के अधिकांश हिस्सों मे बीती रात से रूक–रूककर जारी है। भारी वर्षा के चलते नदी–नाले उफान पर हैं तो वहीं भू–स्खलन से कई सड़कों के अवरूद्व होने का समाचार है। इस बीच भारी वर्षा के चलते चंबा जिला के सुताह गांव में बीती रात हुए भू–स्खलन से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया जिससे घर में सोए दंपति की मृत्यु हो गई है। चड़ी पंचायत के उपप्रधान परविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस व प्रशासन को इसकी सूचना दे दी गई है। इधर आज सुबह 10 बजे कौल डैम बांध से पानी छोड़ा जाएगा जिसको देखते हुए लोगों से नदी के समीप न जाने की अपील की गई है। भारी वर्षा के अलर्ट को देखते हुए आज कुल्लू जिला के आनी उपमंडल और शिमला जिला के रोहड़ू, जुब्बल, चौपाल और उप तहसील जलोग में सभी शिक्षण संस्थान, आंगनबाड़ी केंद्र और आई टी आई बंद रहेंगे।

मौसम विभाग ने 23 जुलाई तक राज्य में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि आज व कल शिमला, सोलन, मंडी, सिरमौर व कांगड़ा जिलों में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

केंद्रीय टीम

प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुक्सान का जायजा लेने के लिए एक केंद्रीय टीम बीते कल से मंडी जिले के दौरे पर है। ये टीम अपने दौरे के दूसरे दिन आज जिला के आपदा प्रभावित करसोग क्षेत्र का दौरा करेगी। बीते कल इस केंद्रीय टीम ने थुनाग, जंजहैली और बगसयाड़ में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुक्सान का जायजा लिया था।

मॉनसून सत्र

संसद का मॉनसून सत्र आज से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कुल 21 बैठकें होंगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद ये संसद का पहला सत्र है। संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने बताया कि सत्र के दौरान निपटाए जाने वाले महत्वपूर्ण विधायी और अन्य कार्य तय कर लिए गए हैं। संसद सत्र के पहले कल सरकार ने दोनों सदनों की सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित करने में सहयोग के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई। केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा में सदन के नेता जे पी नडडा ने बैठक की अध्यक्षता की। किरन रिजिजू ने बताया कि बैठक बेहद ही रचनात्मक रही और सदन नेताओं ने विभिन्न मुददों पर अपनी पार्टी का रूख सामने रखा।

दुर्घटना

चम्बा जिले के जनजातीय क्षेत्र भरमौर के रेटन गांव के समीप मच्छेतर ग्रीमा वाया सीयूर सड़क मार्ग पर देर शाम एक निजी वाहन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से इसमें सवार लोगों में से दो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को भरमौर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज चंबा के लिए रेफर कर दिया है जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए इससे बचने के लिए समाज के हर वर्ग के सक्रिय योगदान पर बल दिया है। वे कल काशी में नशा मुक्त युवा–विकसित भारत विषय पर आयोजित युवा आध्यात्मिक सम्मेलन के समापन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने प्रदेश में राजभवन द्वारा संचालित नशा मुक्त हिमाचल अभियान की विस्तृत जानकारी भी साझा की।

आई.एम.एफ.–यू.पी.आई.

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि भारत यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस–यू.पी.आई. के साथ तीव्र भुगतान प्रणाली में पूरे विश्व में सबसे आगे है। इस वर्ष जून महीने में इस माध्यम से 18 अरब 39 करोड़ से अधिक लेन–देन में 24 लाख तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का कारोबार हुआ। यह पिछले वर्ष के जून महीने की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है। बढ़ते खुदरा डिजिटल भुगतान के बारे में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की हाल की टिप्पणी के अनुसार यू.पी.आई. से भारत की भुगतान प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव आया है। इस माध्यम से प्रति माह 18 अरब से अधिक लेन–देन होता है।